वि.स. अता.प्र.क्र-3836

[18/7/2024]

कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड विजयराघवगढ़ जिला कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/ /शिकायत/2020 प्रश्न सं. [क्र. 3836] विजयराघवगढ़ दिनांक 30/12/2020

जॉच प्रतिवेदन

परिशिष्ट - एक

1.जॉचकर्ता – श्री ए.के. कोरी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड_विजयराघवगढ़

2.शिकायतकर्ता –श्री परसराम सोनी निवासी रजँरवारा नं01 विजयराघवगढ जिला कटनी

3.प्रकरण – आवेदक श्री परसराम सोनी द्वारा श्री रामनाथ सूर्यवंशी प्रधानाध्यापक शास0प्रा0शा0 घुंघरी के पुत्र श्री नीलेश कुमार सूर्यवंशी को कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा मे प्रवेश दिलाये जाने के संबंध में ।

उपरोक्त प्रकरण का जॉच प्रतिवेदन निम्नानुसार सादर प्रस्तुत है।

क0	शिकायत	प्राप्त तथ्य
1	शिकायतकर्ता श्री परसराम सोनी द्वारा शिकायत में लेख किया गया है कि श्री रामनाथ सूर्यवंशी अपने पुत्र श्री नीलेश कुमार सूर्यवंशी को शास0प्रा0शा0 रजरवारा नं01 में दिनॉक 02.07.2007 को कक्षा 1ली में प्रवेश दिलाया गया। जिसमें उनके पुत्र की जन्मतिथि 28.06.2002 अंकित है ।	शास0प्रा0शा0 रजरवारा नं01 के दाखिल खारिज रजिस्टर के क 1237 में छात्र का नाम दर्ज पाया गया है। (संलग्न 1)
2	श्री रामनाथ सूर्यवंशी अपने पुत्र श्री नीलेश कुमार सूर्यवंशी को डी0 ए0वी0 एसीसी कैमोर में दिनॉक 07.07.2009 को कक्षा 1 में प्रवेश दिलाया गया तथा जन्मतिथि 10.07.2004 लिखाई गई ।	प्राचार्य डी0 ए0वी0 एसीसी कैमोर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छात्र नीलेश कुमार उनकी संस्था में कक्षा 1से 5 तक अध्ययन किया तथा शालेय रिकार्ड के अनुसार छात्र की जन्मतिथि 10.07.2004 है (संलग्न 2,3)
3	श्री रामनाथ सूर्यवंशी द्वारा अपने पुत्र नीलेश सूर्यवंशी को शास0प्रा0शा घुंघरी में प्रधानाध्यापक पद पर रहते हुए कक्षा 3री में प्रवेश दिखाते हुए छात्र की जन्मतिथि 10.07. 2004 दाखिल खारिज रजिस्टर में लिखा गया । जबकि पूर्व अभिलेख के अनुसार छात्र की जन्मतिथि 28.06.2002 होनी चाहिए थी।	शास0प्रा0शा घुंघरी के शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र के आधार पर छात्र की जन्मतिथि 10.07.2004 पाई गई। (संलग्न 4)

निष्कर्ष

जॉचकर्ता के अनुसार श्री रामनाथ सूर्यवंशी द्वारा अपने पुत्र श्री नीलेश कुमार सूर्यवंशी की जन्मतिथि में परिवर्तन करते हुए नवोदय विद्यालय बड़वारा मे प्रवेश दिलाये जाने का दोषी पाया गया ।

अभिमत

नियमानुसार श्री रामनाथ सूर्यवंशी के विरूध्द कार्यवाही किया जाना उचित होगा।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विजयराघवगढ़ जिला–कटनी (म.प्र.)

अनुभाग अधिकारी,
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग (शाखा)

Block Education Officer
Vijayraghavgarh, Distt.Katni (M.P.)